प्रेषक,

आयुक्त,
अलीगढ़ मण्डल,अलीगढ़ एवं अध्यक्ष,
मण्डलीय समिति,अलीगढ़ मण्डल।

सेवामें,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र–2 समुदाय केन्द्र,
प्रीतिविहार,नई दिल्ली।

पत्रांक: एस0टी0/एन0ओ0सी0/ ———— /2012–13 दिनॉक: 25-3-2013

विषय– अलीगढ़ मण्डल में स्थित माध्यमिक विद्यालयों को सी0बी0एस0ई0नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक राजाज्ञा संख्या: 1916(1)/15–7–09–1(299)/2007 दिनॉक:14.07.2009 के अनुपालन में मण्डलीय समिति की बैठक दिनॉक: 25.03.2013 में लिये गये निर्णय के अनुसार एल0के0बी0 पब्लिक स्कूल, कजरौठ, इगलास, अलीगढ़ को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति पत्र में अंकित निम्न प्रतिबन्धो के अधीन आपत्ति नही है:–

प्रतिबन्ध–

1–विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

2–विद्यालय की प्रबन्ध समिति में सम्बन्धित जिले का जिला विद्यालय निरीक्षक ,सदस्य होगा।

3–विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिये सुरक्षित रहेगें और उनसे उ0प्र0,माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

4–संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मॉग नही की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेन्डरी एजूकेशन नई दिल्ली/कौसिल फार दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है,तो उस परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ0प्र0,माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगें।

5–संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों की अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्तें नहीं दिये जायेगें।

6–कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों की भॉति अनुमन्य सेवानिवृत्त का लाभ उपलब्ध करायें जायेगें।

Manager
L. B. K. Public School
Kajroth, Iglas (Aligarh)

Manager
L. B. K. Public School
Kajroth, Iglas (Aligarh)

Mrs. RUBYNA SHAHIN
Principal
LBK Public Sr. Sec. School
Hathras Road, Iglas (Aligarh)

(12)

7–राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगें, संस्था उनका पालन करेगी।

8–विद्यालय रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा।

9–विद्यालय में अग्नि शमन यंत्र स्थापित कर अग्नि शमन अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें तथा विद्यालय की भूमि भवन यदि विद्यालय के नाम न हो तो विद्यालय के नाम कराये।

10–नेशनल बिल्डिंग कोड में प्रावधानित सुरक्षा मानकों का प्रमाण पत्र सम्बन्धित अभियन्ता से प्राप्त कर लिया जाये।

11–उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन परिवर्धन नही किया जायेगा।

उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिये अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नही किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी भी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जाती है। तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापिस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
अलीगढ़।

( कुँवर विक्रम सिंह)
मण्डलायुक्त/अध्यक्ष,
अलीगढ़ मण्डल,अलीगढ़

कार्यालय –मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,अलीगढ़।

पृष्ठांकन संख्याःएस0टी0/एन0ओ0सी0/ 7[illegible]-92/2012–13 दिनॉक वही।

प्रतिलिपि– निम्नॉकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–सचिव,(माध्यमिक शिक्षा )उ0प्र0शासन,शिक्षा–7 अनुभाग लखनऊ।
2–मण्डलायुक्त अलीगढ़।
3–शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)उ0प्र0,18 पार्क रोड लखनऊ।
4–जिलाधिकारी, अलीगढ़।
5–जिला विद्यालय निरीक्षक अलीगढ़।
6–प्रबन्धक,सम्बन्धित विद्यालय।
7–गार्ड फाइल हेतु।

डा0(अंजना गोयल)
सचिव/सदस्य एवं
मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
अलीगढ़।

Manager
L. B. K. Public School
Kajroth, Iglas (Aligarh)

Mrs. RUBY NAISHAHIN
Principal
LBK Public Sr. Sec. School
Hathras Road, Iglas (Aligarh)

Manager
L. B. K. Public School
Kajroth, Iglas (Aligarh)

Principal

(13)

# कार्यालय मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक–अलीगढ़

दिनॉक: 26-2-14

पत्रॉक:एस0टी0 / /2013–14

**संशोधन आदेश**

प्रबन्धक एल0बी0के0पब्लिक स्कूल कजरौठ इगलास अलीगढ़ ने अपने पत्र दिनॉक: 24–01–2014 द्वारा अवगत कराया है कि विधालय को सी0बी0एस0ई नई दिल्ली से सम्बद्वता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र में एल0बी0के0पब्लिक स्कूल कजरौठ अलीगढ़ के स्थान पर एल0के0बी0 पब्लिक स्कूल कजरौठ इगलास अलीगढ़ टंकित है जिसे सशोधित करने का कष्ट करे।

उक्त कम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रॉक: एस0टी0 / एन0ओ0सी0 / 7371–77 / 2012–13 दिनॉक: 25–03–2013 द्वारा निर्गत पत्र में अकिंत " एल0के0बी0पब्लिक स्कूल कजरौठ इगलास अलीगढ़ के स्थान पर एल0बी0के0पब्लिक स्कूल कजरौठ इगलास अलीगढ़ पढ़ा जाय।

डा0 (अंजना गोयल)
मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
अलीगढ़

पृ0स0एस0टी0 / 7868-75 /2013–14 तद् दिनॉक:
प्रतिलिपि– निम्न लिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
1–सचिव,केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद शिक्षा केन्द्र–2 समुदाय केन्द्र प्रीतिबिहार नईदिल्ली।
2–सचिव,माध्यमिक शिक्षा उ0प्र0शासन शिक्षा–7अनुभाग लखनऊ।
3–मण्डलायुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
4–शिक्षा निदेशक (मा0)शिक्षा निदेशालय 18पार्करोड लखनऊ।
5–जिलाधिकारी,अलीगढ़।
6–जिला विधालय निरीक्षक,अलीगढ़
7–प्रबन्धक सम्बन्धित विधालय ।
8–कार्यालय प्रयोगार्थ।

26/2/14

मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
अलीगढ़

Manager
L. B. K. Public School
Kajroth, Iglas (Aligarh)

Principal